तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# केन्द्रीय विद्यालय नरसिंहपुर

## *KENDRIYA VIDYALAYA, NARSINGHPUR*

# अनुभूति

विद्यालय पत्रिका/VIDYALAYA PATRIKA, सत्र/SESSION-2020-21

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# विद्यालय पत्रिका
## सत्र : 2020-21

# VIDYALAYA PATRIKA
## SESSION : 2020-21

# EDITORIAL BOARD

**मुख्य संरक्षक/ Chief Patron**

**Mr Tajuddin Shaik**
Deputy Commissioner, K.V. S. R.O. Jabalpur

**Mrs Shahida Parveen**
Assistant Commissioner, K.V. S. R.O. Jabalpur

**Mr S. R. Meda**
Assistant Commissioner, K.V. S. R.O. Jabalpur

**संरक्षक/ Patron**

**Mr A. K. TUMSARE**
Principal

**संपादक मण्डल/ Editorial Board**

**Hindi:** Dr (Smt) Krishna Dubey, (PGT-HINDI)
Smt Usha Sharma, (TGT-HINDI)

**English:** Mr Rakesh Kumar, (PGT-ENG)
Mrs R. B. Toppo, (TGT-ENG)

**Sanskrit:** Mrs Renu, (TGT-SANSKRIT)

**PRT's:** Mrs Vandana, Mrs Suman
Mrs Sakshi, Ms Pooja Panchal

**Cover Page Design**

**Mr Ashok Kumar**
TGT- Art Education

**Content Designing**

**Mr Anshuman Shukla** (Computer Instructor)

वेद प्रकाश
(आई.ए.एस.)
कलेक्टर एवं
जिला दण्डाधिकारी
नरसिंहपुर

अ.शा. पत्र क्रमांक - 256/ST
कार्यालय कलेक्टर नरसिंहपुर
दूरभाष : कार्यालय - 07792-230900
निवास - 07792-230901
फैक्स - 07792-230915
मोबाइल - 094250-65611
e-mail : dmnarsinghpur@mp.nic.in
दिनांक : 22-7-2021



## MESSAGE

IT GIVES ME IMMENSE PLEASURE TO PEN FEW LINES FOR THE E MAGAZINE अनुभूति OF KENDRIYA VIDYALAYA NARSINGHPUR. AS CHAIRMAN OF VIDYALAYA MANAGEMENT COMMITTEE IT'S MY ENDEAVOUR THAT THE VIDYALAYA GROWS PROPERLY IN ALL WAYS AND HUMAN VALUES ARE INCULCATED IN THE STUDENTS RIGHT FROM CHILDHOOD. BY BRINGING OUT E MAGAZINE IN THIS PANDEMIC TIME YOU ALL ARE NURTURING THE READING AND WRITING HABITS IN STUDENTS WHICH IS VITAL FOR THEIR GROWTH AND SUCCESS. I WISH ALL OF YOU GREAT SUCESSES AND CONGRATULATE YOU FOR YOUR WORK.

**(VED PRAKASH)**
**COLLECTOR NARSINGHPUR &**
**CHAIRMAN OF VIDYALAYA**
**MANAGEMENT COMMITTEE**
**KV NARSINGHPUR (M.P.)**



**Sh Radheshyam Baghel**

*Sub-Divisional Magistrate*

*Narsinghpur*

## MESSAGE

IT GIVES ME IMMENSE PLEASURE TO EXPRESS MY GOOD WISHES FOR THE E-MAGAZINE "अनुभूति" OF KENDRIYA VIDYALAYA NARSINGHPUR. AS NOMINEE CHAIRMAN OF VIDYALAYA MANAGEMENT COMMITTEE, I AM ASSOCIATED WITH MOST OF THE ACTIVITIES OF THE VIDYALAYA AND IT BRINGS A SENSE OF SATISFACTION TO SEE ALL ROUND DEVELOPMENT AND PROGRESS IN THE STUDENTS OF THE VIDYALAYA, BY BRINGING OUT E-MAGAZINE IN THIS PANDEMIC TIME. YOU HAVE SET AN EXAMPLE THAT NOTHING IS UNACHIEVABLE IN THIS WORLD IT HAS HELPED THE CHILDREN TO NURTURE WRITING SKILLS AND CHURNING OUT CREATIVITY IN THE STUDENTS. I WISH ALL GREAT SUCCESS AND YOUR STUDENTS BRING LAURELS FOR THE VIDYALAYA.

अनुविभागीय अधिकारी (SDM),नरसिंहपुर एवं नामिनी अध्यक्ष , वि.प्र.समिति



**Sh Tajuddin Shaik**

*Deputy Commissioner, K.V. S.*

*Regional Office, Jabalpur*

**Kendriya Vidyalaya Sangathan (Jabalpur Region)**
Regional Office,
Behind Science College,
South Civil Lines, Jabalpur (M.P.)- 482011
Website - https://rojabalpur.kvs.gov.in
Email- ro-jabalpur@kvs.gov.in ,

# MESSAGE

Education should imbue students with the right values; propel them in the right direction; bring proficiency in various domains; and open doors for them to soar high in the limitless sky. It should prepare children to face the problems and challenges of this complex world; should build tolerance, compassion and above all empathy for weak. We live in a world where there is plethora of information available but the ability to discern and receive, what is beneficial comes with education. As administrators, teachers, mentors and facilitators we are entrusted with this herculean task of shaping our institutions to fulfil this vision and mission of KVS. It is indeed a pleasure to know that K.V. Narsinghpur is bringing out its ANNUAL issue of Vidyalaya E-Patrika "ANNUBHUTI" for the academic session 2020-21.

Kendriya Vidyalaya Narsinghpur represent a Mini India in true sense with students belonging to different types of social and family background and despite of their social and economic diversity, In this situation of pandemic covid-19 students are participating in all the activities either by Virtual mode or different mode of communication and performing very well in academic & various co-curricular activities on different platforms. The statics of academic result gives a clear picture that Vidyalaya is in continuous progressive mode.

I hope as the name suggests, through this Patrika students will express their original thought & creativity. I sincerely urge all the staff members to inculcate values among tiny tots to purify their beliefs. The Patrika being published by K.V. Narsinghpur is expected to be a treasure house of the creative outpouring of building talent. It is hoped that it would also bring to the light the achievement of students of the KV in making it a successful educational institute.

My best wishes to the Students, Staff and Principal of the Vidyalaya to bringing out the Patrika.

**(Tajuddin Shaik)**

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन



**Smt Shahida Parveen**
*Assistant Commissioner, K.V. S.*
*Regional Office, Jabalpur*

# MESSAGE

I am glad to know that Kendriya Vidyalaya Narsinghpur is bringing out its annual E- magazine entitled “ANUBHUTI” in this crucial time of Pandemic. I am confident that the Magazine will infuse vigour in the budding talents and encourage them to grow their creativity.

The efforts under the able guidance of the Principal and talented teachers deserve praise for such extra-curricular and personality development activity. I congratulate the whole team associated with the publication and wish a grand success to this E- magazine.

Shahida
**(Shahida Parveen)**

केन्द्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN, REGIONAL OFFICE, JABALPUR
साइंस महाविद्यालय के पीछे, साउथ सिविल लाइन्स, जबलपुर, 482011 (म.प्र.)
BEHIND SCIENCE COLLEGE, SOUTH CIVIL LINES JABALPUR 482011(M.P.)
(URL: https://rojabalpur.kvs.gov.in/ :: E-Mail: ro-jabalpur@kvs.gov.in)



**Sh S. R. Meda**

*Assistant Commissioner, K.V. S.*
*Regional Office, Jabalpur*

## MESSAGE


I am immensely delighted to know that Kendriya Vidyalaya, Nsrsinghpur is bringing out the Vidyalaya Patrika Anubhuti to commemorate the glorious year of activities during the Covid-19 pandemic. Please accept my heartiest congratulations and best wishes on the occasion.

The present times have witnessed numerous challenges due to Covid-19, particularly in the field of Education. The entire pedagogy of teaching has taken a different route with the introduction of Digital Initiatives to continue the teaching-learning process due to closure of schools. Both, the Teachers and Students have risen to the occasion and met the challenges posed by Covid-19 by joining online for e-learning.

The Teaching Fraternity strived endlessly to take education to the door steps of the students and equipped children with the skills that provide with the opportunities, where they can fulfil their vision for the future and make online learning a joyful activity instead of burden.

I am indeed pleased to know that the children have contributed for the Vidyalaya Patrika, even during the difficult times of Covid-19. The Vidyalaya Patrika is a kind of platform extending valuable opportunities to young talent to express their creativity.

I once again compliment the staff, students and parents on this accomplishment and wish them happiness and a triumphant future.



(SEETHA RAMAIAH MEDA)
Assistant Commissioner






**अत्यंत हर्ष का विषय है, कि केन्द्रीय विद्यालय नरसिंहपुर सत्र 2020-21 की अपनी वार्षिक ई-पत्रिका "अनुभूति" का प्रकाशन करने जा रहा है |**

**हम सभी अवगत हैं कि पिछले एक साल से संपूर्ण विश्व कोविड-19 महामारी से ग्रस्त है | इस महामारी के दौरान हमारे एवं हमारे विद्यार्थियों के विभिन्न अनुभव रहे हैं | एक ओर नई पद्धति से ई- कक्षा द्वारा अध्ययन-अध्यापन कार्य किया गया, दूसरी ओर इस दौरान बहुत से लोगो ने अपने परिवार, निकट रिश्तेदारों एवं मित्रों को खो दिया | कोविड-19 का भयानक दौर हमने देखा है | इन विषम परिस्थितियों में शिक्षकवृंद एवं विद्यार्थियों द्वारा अपने विचार एवं अनुभव लेख, कविता, कहानी के माध्यम से प्रस्तुत करना अत्यंत सराहनीय एवं प्रशंसनीय है |**

**मैं पत्रिका से जुड़े समस्त शिक्षकवृंद एवं विद्यार्थियों को बहुत बहुत शुभकामनाएं देता हूँ, जिनके प्रयास से ई-पत्रिका प्रकाशित हो पा रही है |**



**अरुण कुमार तुमसरे**
**प्राचार्य**

*"COVID-19 offers us the chance to change who we were and what we stood for.*

# छायांकन




योग दिवस और योग



योग दिवस में शिक्षक की भूमिका



विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन योग प्रदर्शन




हिंदी पखवाडा कार्यक्रम में प्राचार्य महोदय का उदबोधन



स्वच्छता पखवाडा कार्यक्रम के अंतर्गत साफ़-सफाई करते विद्यार्थी

# संपादक

**सीढियाँ उनके लिए अमोघ, छतों तक जिनको जाना है,**
**बादलों पर हो जिनकी दृष्टि उन्हें खुद राह बनाना है |**

मन की इस अभिलाषा के साथ केंद्रीय विद्यालय नरसिंहपुर की पत्रिका '**अनुभूति**' का यह अंक आप सभी के लिए प्रस्तुत है | किसी भी विद्यालय की पत्रिका उस विद्यालय का दर्पण होती है। उसी से विद्यालय की सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ साहित्यिक रुचि का भी पता चलता है। विद्यालय की पत्रिका **'अनुभूति'** इस बात का प्रमाण है कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय परिवार प्रतिबद्ध है। हम इस क्षेत्र में निरंतर सकारात्मक प्रयास कर रहे हैं। आने वाले अंको में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए हम कृत संकल्प है|

विद्यालय के इन नवोदित साहित्यकारों की रचनाओं को आपका आशीर्वाद एवं सराहना की आकांक्षा के साथ पत्रिका का यह अंक आपको समर्पित है |

विद्यालय के संगणक अनुदेशक श्री अंशुमान शुक्ला ने **'अनुभूति'** को अपने तकनीकी कलात्मक व्यक्तित्व से ऊर्जावान, आकर्षक, सुसज्जित और परिष्कृत करने का अमूल्य और सराहनीय प्रयास किया है | इस हेतु सम्पादक मंडल उनके प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करता है |

**संपादक मंडल**

# विद्यालय परीक्षा परिणाम – एक नजर में

| कक्षा | कुल छात्र संख्या | उतीर्ण | अनुतीर्ण / पूरक | अनुपस्थित | उतीर्ण प्रतिशत | निष्पादन अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| XII | 62 | 62 | 0 | 0 | 100 % | |
| X | 84 | 84 | 0 | 0 | 100 % | |

## Class – XII, 2020-21

### विज्ञान संकाय




अदिति गर्ग

प्रथम-97 %




मोहित साहू

द्वितीय-95 %




छवि साहू

तृतीय- 94.4%

### वाणिज्य संकाय




ख़ुशी गुप्ता

प्रथम-95.8%



साक्षी चौधरी

द्वितीय-94.6 %




राजेश्वरी

तृतीय- 94.2%

## Class – X, 2020-21




साक्षी कोरी

प्रथम-97.4%




केशव गुप्ता

द्वितीय-94.8%




प्रयाग पटेल

तृतीय-92.2%

# अनुक्रमणिका / INDEX


| हिंदी-विभाग | | | |
|---|---|---|---|
| स. क्र. | शीर्षक | रचनाकार नाम | कक्षा /पद |
| 1 | कामना | सुमेधा वर्मा | नौवीं-अ |
| 2 | कोरोना पर मेरा अनुभव | अंकिता रघुवंशी | नौवीं-अ |
| 3 | माँ | अर्पित चौरसिया | दसवीं-अ |
| 4 | कोविड-19: मेरे अनुभव | लक्षिता शर्मा | आठवीं-ब |
| 5 | हमारे मार्गदर्शक | प्रिंसी जयसवाल | आठवीं-अ |
| 6 | किताबें | शौर्या बर्दिया | बारहवीं-अ |
| 7 | वक्त | यशी गुप्ता | ग्याहरवीं-अ |
| 8 | मेरी ऑनलाइन कक्षाएँ | अथर्व लोधी | आठवीं-अ |
| 9 | कोरोना को मिलकर भगाएँगे | आरुषी नेमा | आठवीं-अ |
| 10 | महामारी को फिटनेस से हराना है | कल्याणी दुबे | छठवीं-अ |
| 11 | दौर चला कोरोना का | कौमुदी | पाँचवी -अ |
| 12 | हमारी हिंदी भाषा | छवि साहू | बारहवीं-अ |
| 13 | क्या पाया क्या खोया ? | पलक दीक्षित | बारहवीं-ब |
| 14 | मुझसे डरो न! | प्रभान्शु दीक्षित | सातवीं-अ |
| 15 | कहानी कल्लू की.... | प्रीत नेमा | छठवीं-अ |
| 16 | समय का मूल्य | बृजेश आनंद बझैया | नौवीं-अ |
| 17 | मेरा भारत महान | शुभी बुनकर | दसवीं-ब |


isSaltVector.com

## अनुक्रमणिका / INDEX


| स. क्र. | शीर्षक | रचनाकार नाम | कक्षा /पद |
|---|---|---|---|
| 19 | हमने कभी ना सोचा था कि ऐसे भी दिन आएँगे | वैष्णवी त्यागी | छठवीं-ब |
| 20 | दुनिया का अंत | स्वाति पटेल | नौवीं-ब |
| 21 | सवैया | अपर्णा सिमोनिया | नौवीं-ब |
| 22 | मौत भी तेरे सामने हार के जाएगी | उत्तरा पांडे | छठवीं-ब |
| 23 | कोरोना पर कविता | अभिज्ञान शर्मा | चौथी -अ |
| 24 | प्यारी चॉकलेट | आर्यन सिंह सिकरवार | चौथी-ब |
| 25 | मेरा विद्यालय | दक्ष साहू | पाँचवी -ब |
| 26 | कोरोना को हराना | कुणाल पटेल | पाँचवी -ब |
| 27 | सम्मान | महर्ष मालवीय | दूसरी -अ |
| 28 | चूँ-चूँ करती चिड़िया आई........ | नैना सोनी | पाँचवी -अ |
| 29 | कविता | निपूर्ण | चौथी -अ |
| 30 | सोच | राजवीर सोनी | पाँचवी -ब |
| 31 | दौर कठिन है | राम नेमा | चौथी –अ |
| 32 | इनका साथ नहीं होता तो क्या होता | सजल कुमार मेहरा | तीसरी-ब |
| 33 | कोरोना से मत डरों न | शार्वी सोनी | तीसरी-ब |
| 34 | कविता | सूर्यांश विश्वकर्मा | चौथी-ब |
| 35 | कोरोना पर कविता | उमेश पाण्डेय | पाँचवी -ब |
| 36 | स्कूल का पहला दिन | आरव तिवारी | दूसरी-अ |
| 37 | अभी भी सावधान रहना है | आन्या सोनी | चौथी-अ |
| 38 | कैद हमारा बचपन | अतिक्ष दुबे | तीसरी- अ |
| 39 | अपना नरसिंहपुर | आभा चौबे , | पाँचवी- ब |


isSaclipvector.com

| स. क्र. | शीर्षक | रचनाकार नाम | कक्षा /पद |
|---|---|---|---|
| 40 | हर तरफ कोरोना | दीवा शर्मा | तीसरी –अ |
| 41 | कविता कोरोना | सूर्यांश पाठक | चौथी-अ |
| 42 | मेरी पहली कक्षा | मोहक शर्मा | दूसरी-ब |
| 43 | कर्म का सिद्धांत | श्रीमती उषा शर्मा | प्र. स्ना. शि.हिंदी |
| 44 | सांस की आश | श्री संदीप सोनी | प्र. स्ना. शि.गणित |


# ENGLISH SECTION

# INDEX


| S.No. | Article | Name | Class & Sec / Post |
|---|---|---|---|
| 1 | What I want, what I don't want | Komudi | VI-A |
| 2 | My corona experience | Poshika Bunkar | X-B |
| 3 | I Love Books | Samiksha Kori | VII-B |
| 4 | To The Unknown | Sanskriti Brahman | IX- A |
| 5 | Teen Age | Uttara Panday | VI-B |
| 6 | Save Plant, Save trees | Annepu Ananya Rao | V-B |


istockvector.com

# संस्कृत अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | शीर्षक | रचनाकार का नाम | कक्षा/पद |
|---|---|---|---|
| 1 | संस्कृतभाषाया: महत्त्वम् | स्तुति सोनी | नवमी ' अ ' |
| 2 | मम अनुभवम् | स्वाती पटेल | अष्टमी ' ब ' |
| 3 | भगवद्गीताया: महत्वपूर्णा: श्लोका: | आयुषी राजपूत | सप्तमी 'अ ' |
| 4 | श्लोका: | कल्याणी दुबे ' | षष्टी ' अ |
| 5 | श्लोका: | अंजलि फौजदार | षष्टी ' ब ' |
| 6 | अस्माकं ध्येय वाक्यम् | वंश पटवा | षष्टी ' ब ' |
| 7 | जीवनमन्त्र: | श्रीमती रेणु | प्र. स्ना. शि. ( संस्कृत ) |

# हिन्दी

# कामना

कहा जाता है कि जिंदगी का सबसे अच्छा समय विद्यालयीन जीवन का होता है। और यह हम सभी ने महसूस भी किया है परंतु पिछले साल संक्रमण की बीमारी कोविड-19 ने हमारी सुकून भरी जिंदगी में बहुत हलचल पैदा कर दी, हमारी दिनचर्या में बदलाव हो गया, हमारे रहन-सहन में अंतर हो गया और हमारी आदतों में परिवर्तन हो गया।

इन सब के बीच सबसे ज्यादा नुकसान इस बात का हुआ, कि हमारे स्कूल के वे दिन कभी वापस नहीं आयेंगे, जब हम लोग बहुत मस्ती के साथ व्यतीत कर सकते थे। एक छोटे से वायरस ने हमारी जिंदगी ही बदलकर रख दी। मस्ती की पाठशाला की जगह लॉकडाउन, सेनेटाइज़र, मास्क, आईसोलेशन जैसे शब्दों का आगमन हो गया। हम बच्चों के लिए खेल के मैदान का क्या महत्व है.? इसका उत्तर देना अब असंभव हो गया है।

लेकिन इस विषम परिस्थिति में लॉकडाउन के दौरान हमारे शिक्षकों ने हमारी कक्षाएँ लेकर वही माहौल देने का हरसंभव प्रयास किया, जो हम अपने क्लासरूम में अनुभव करते थे। शुरू शुरू में मोबाइल से पढना बहुत अजीब महसूस हो रहा था पर जैसे-जैसे समय बीता ये अदभुत पढ़ाई भी हमारी जिंदगी में शामिल हो गई। शिक्षकों द्वारा स्कूल में होने वाले वे सारे कार्यक्रम, जो हम स्कूल प्रांगण में करते थे; वे भी हमारे द्वारा ऑनलाइन होने लगे। मैं अपने सभी शिक्षकों का बहुत-बहुत आभार मानती हूँ , जिन्होंने हमारे भविष्य को सँवारने में अपनी महती भूमिका निभाई।

अंत में ईश्वर से मैं यही कामना करती हूँ कि ये कठिन समय जल्दी से जल्दी समाप्त हो और हम अपने स्कूल में जाकर दोस्तों के साथ मिल कर हँसते- खेलते हुए अपने स्कूल के पुराने दौर में फिर वापस जाएँ।



**- सुमेधा वर्मा,**
**कक्षा –नवमी 'अ'**

# <u>कोरोना पर मेरा अनुभव</u>

मेरा अनुभव ,मेरी समझ: कोरोना से जुड़ी घटनाएँ

हमारी पूरी मानवजाति आज एक ऐसी महामारी से जूझ रही है, जो मानव के स्वयं की गलतियों को प्रकाशित कर रही है । मेरे अनुसार भारत में कोरोना की जंग लड़ने के लिए हमें घर पर रहना चाहिए, साफ सफाई का ध्यान रखना चाहिए एवं नियमों का पालन करना चाहिए । इन लॉकडाउन के दिनों में भारत के अलग-अलग कोनों से अलग-अलग बातें सुनने को मिली हैं; अलग-अलग अफवाह सुनने को मिली हैं ।

मेरी माँ कहती है, कि-" जहाँ भगवान होते हैं वहाँ कुछ भी नहीं होता, विदेशों में लोग पूजा पाठ नहीं करते इसलिए वहाँ ऐसी स्थिति है।" लेकिन मैं सोचती हूँ, कि अभी तो हमारा भारत भी इस बीमारी से जूझ रहा है...... यह मेरी समझ से बाहर है। प्रथम लॉकडाउन के दौरान कोरोनावायरस को लेकर राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री जी ने देशवासियों से एक खास अपील की थी, कि 22 मार्च 2020 रविवार को, ठीक 5:00 बजे हम अपने घर के दरवाजे पर खड़े होकर 5 मिनट तक ताली- थाली बजाकर डॉक्टर , नर्स,पुलिस एवं अन्य कोरोना योद्धाओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करेंगे। लेकिन कुछ लोगों ने सोचा कि कोरोना एक वायरस है जिसके हम इंसानों की तरह दो कान हैं और हमारी आवाज करने से वह भाग जाएगा।

यह थी दूसरी घटना फिर हमारे प्रधानमंत्री जी ने कहा कि रात के 9:00 बजे' अपने घर की बालकनी में दीये, मोमबत्ती, मोबाइल का लाइट जलाकर हमारे कोरोना योद्धाओं का उत्साह बढ़ाएँ। मेरा मानना है कि ऐसे प्रयास से कोरोना योद्धाओं का हौंसला काफी बढ़ा |

मेरे विचार से विज्ञान और आस्था का समन्वय होना चाहिए | कोरोनावायरस से सिर्फ टीका, मास्क, 2 गज दूरी, बार-बार हाथ धोने जैसी आदतें ही बचा सकती हैं और मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम इस महामारी को जरूर हराएंगे और नव जीवन की शुरुआत करेंगे।

घर पर रहें, सुरक्षित रहे।



**- अंकिता रघुवंशी**
**कक्षा- नवमी ' अ'**

# माँ

माँ एक ऐसा शब्द है, जिसमें समस्त ब्रह्माण्ड समाहित है | हम माँ के बिना अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। माँ की ममता का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है , कि इंसान भगवान का नाम लेना भले ही भूल जाए लेकिन माँ का नाम लेना नहीं भूलता है। माँ को प्रेम व दया का प्रतीक माना गया है। माँ दुनिया भर के कष्ट सहकर भी अपनी संतान को अच्छी-से-अच्छी सुख सुविधाएँ देना चाहती है। हर व्यक्ति के जीवन में उसकी माँ एक शिक्षक से लेकर पालनकर्ता जैसी महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाती है। इसीलिए हमेशा हमें अपनी भगवान समान माँ का ध्यान रखना चाहिए।

हमारे जीवन में यदि कोई सबसे ज्यादा महत्व रखता है तो वह हमारी माँ हैं, क्योंकि बिना माँ के तो जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। यही कारण है कि माँ को पृथ्वी पर ईश्वर का रूप भी माना जाता है। इसीलिए हमें अपनी माँ को सदैव खुश रखना चाहिए, और उनको प्रेम करना चाहिए।

मैं अपनी माँ को एक अभिभावक तथा शिक्षक के साथ ही अपना सबसे अच्छा मित्र भी मानता हूँ।

क्योंकि चाहे कुछ भी हो जाए लेकिन मेरे प्रति उनका प्रेम व स्नेह कभी कम नहीं होता है।

"" खुदा का दूसरा रूप है माँ....

ममता की गहरी झील है माँ

वह घर किसी जन्नत से कम नहीं

जिस घर में खुदा की तरह

पूजी जाती है माँ""

माँ दुनिया में सबसे अधिक प्यार दुलार केवल अपने बच्चे से करती है, लेकिन जब बच्चा गलत राह पर चलने लगता है तो, माँ अपने कर्तव्य को निभाना भी अच्छी तरह से जानती है। एक माँ कभी नहीं चाहती कि उसका बच्चा किसी भी गलत संगत में पड़ कर अपने भविष्य को खराब कर ले।

यही कारण है कि हमारे जीवन में माँ के इस रिश्ते को अन्य सभी रिश्तो से इतना ज्यादा महत्वपूर्ण माना जाता है।




**- अर्पित चौरसिया**
**कक्षा -दसवीं अ**

# कोविड-19: मेरे अनुभव

मैं लक्षिता शर्मा,कक्षा 8 वीं 'ब' मैं पढ़ती हूं। मैं आज आपको अपना अनुभव बांटना चाहती हूँ, कि हम इस महामारी कोविड-19 में बिना डरे कैसे रहें ? जब यह वायरस अपने देश में आया था, तो सभी बहुत डर चुके थे। हम लोग भी और कुछ समय तक हम लोग बाहर नहीं निकले। जब पहली लहर आयी, और चली गई कोरोना की, तो हम सब तो तब तक ठीक थे। मगर जब दूसरी लहर आई, तो हमारे घर में तीन लोग पॉजिटिव हुए सबसे पहले मेरे पापा को हुआ। मैं बहुत डर गई। मगर हम लोग पापा को अस्पताल नहीं ले कर गए, क्योंकि अस्पताल में ज्यादा बेड नहीं थे, और कुछ गरीब लोगों को बेड नहीं मिलते इसलिए हम लोग ने बेड नहीं लिया । क्योंकि हम लोगों को बेड आसानी से मिल जाते हैं, मगर कुछ गरीब लोगों को नहीं मिलते, और वह अपनी जान गवाँ देते हैं। मेरे पापा घर पर भी ठीक हो सकते थे। हम लोग ने पापा को 14 दिन के लिए होम क्वॉरेंटाइन रखा और पापा 14 दिन में ही पूरी तरह से ठीक हो गए। जैसे ही पापा ठीक हुए मेरी दादी को भी कोविड हो गया। वह भी 14 दिन क्वॉरेंटाइन रही फिर वह भी ठीक हो गईं थीं। उसके दो-तीन दिन बाद मेरी मम्मी को भी यह वायरस हो गया। उनका स्वाद और गंध का अहसास चला गया था, लेकिन वह भी 14 दिन में ही पूरी तरह से ठीक हो गई थी। अब हमारे घर में कोई भी बीमार नहीं है और अगर आप में से किसी को भी यह वायरस होता है तो आप इसका समुचित इलाज करवाएँ और स्वस्थ रहें।

स्वस्थ रहे सतर्क रहें। कोरोना नियमो का पालन करें।

धन्यवाद



**-लक्षिता शर्मा**
**कक्षा आठवीं ब**

# हमारे मार्गदर्शक



माँ की ममता, पिता का प्यार
हमको देते सुखमय संसार |
जब थामी ऊँगली शिक्षक ने ,
शुरू हुआ जीवन में नया विचार |
माँ ने सिखाया, चलना फिरना,
पिता ने जगाया, हम में विश्वास |
शिक्षक के मार्गदर्शन से हमने सीखा ,
जीवन में मेहनत का सार |
मेहनत व विश्वास से पाया ,
हमने जीवन का लक्ष्य अपार |

**प्रिंसी जयसवाल**
**कक्षा आठवीं 'अ'**

# किताबें

पता नहीं, कि
कौन ? किसे ?
ज्यादा गौर से देख रहा था...
मैं किताबों को पढ़कर,
अलमारी में वापस रख देती हूँ ।
उसके बाद ...
वो किताबे बैठी रहती हैं; वहीं अलमारी में;
गुमशुम । घंटों तक. ..
ना जाने क्या देख लेतीं हैं ऐसा,
ये किताबे मुझमें ?



**- शौर्या बर्दिया**
**कक्षा- बारहवी 'अ'**

# वक्त

कौन जाने किस घड़ी में वक्त का बदले मिज़ाज ,

वक्त की इस जिंदगी पर, वक्त का चलता है राज ।

वक्त ही वह रक्त है जो जीव-जीवन का है साज,

वक्त का है सख्त शासन, हम न समझे क्या है राज़ ।

वक्त ही वक्ता बनाता, वक्त ही चिर मौन देता,

वक्त ही देता हमें सब और वही सब छीन लेता।

है हमारा कुछ नहीं बस वक्त का ही है सहारा ।

इसीलिये कहते है हम कि, वक्त आएगा हमारा ।

हार भी देता यही,  दे जीत का सेहरा ये प्यारा,

वक्त यूँ ही ना गवाएँ , वक्त ही जीवन हमारा ।




**यशी गुप्ता**
**कक्षा- ग्यारहवी 'अ'**

# मेरी ऑनलाइन कक्षाएँ

हमारे केंद्रीय विद्यालय नरसिंहपुर में कोविड-19 संक्रमण की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, हमारे प्राचार्य जी ने हम सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन कक्षाओं का नियमित संचालन करवाया ।

विद्यालय में यह प्रथम अवसर था, जब ऑनलाइन कक्षाओं का नियमित संचालन किया गया। जिसमें कक्षा शिक्षक एवं विषय शिक्षक द्वारा पूर्ण निष्ठा के साथ शिक्षण कराया गया। जिसमें कक्षा शिक्षक द्वारा प्रतिदिन हमारी उपस्थिति लेने के साथ-साथ संस्कृत को हिंदी जैसे सरल तरीके से पढ़ाया गया, साथ ही सभी विषयों के शिक्षकों ने समयानुसार पढाया एवं आवश्यकतानुसार मेरा मार्गदर्शन किया | शिक्षकों द्वारा दिए जाने वाले कक्षा कार्य एवं गृह कार्य को ऑनलाइन तरीके से खोजकर एवं समझ कर पूर्ण करना भी एक नया अनुभव रहा | मुख्य विषयों के साथ अन्य सह शैक्षिक विषयों जैसे कम्प्यूटर, कला, कार्य- अनुभव तथा लाइब्रेरी की कक्षाएं भी ऑनलाइन माध्यम से ही आयोजित हुई | कक्षाओं के अलवा समय – समय पर विद्यालय द्वारा अनेक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया , जिसमे से कुछ में मैंने भाग लिया और बहुत कुछ नया सीखा |

महामारी के समय में, ऑनलाइन माध्यम से सभी शिक्षक द्वारा इतना अच्छा पढ़ाया गया कि हमें यह महसूस ही नहीं होने दिया, कि हम घर पर हैं बल्कि ऐसा महसूस हुआ कि हम विद्यालय में ही पढ़ाई कर रहे हैं।



**अथर्व लोधी**
**कक्षा- आठवी 'अ'**

# कोरोना को मिलकर भगाएँगें हम

स्कूल से तूने दूर किया,पढ़ाई से नहीं।
दोस्तों से तूने दूर किया, दोस्ती से नहीं।
तुझसे डरते नहीं हम बच्चे,
सावधानी से सामना कर सकते हैं।
तूने हमें पहली लहर में डराया,
दूसरी में भी,
अब तीसरी लहर के आने के भय से ना डरेंगे हम।
रखेंगे सावधानी, कोरोना से बचेंगे हम।
मास्क लगाएंगे हम, फासला भी बनाएँगे हम ।
पौष्टिक आहार करके, इम्यूनिटी बढ़ाएँगे हम।
योग ध्यान करके, ऑक्सीजन भी बढ़ाएंगे हम ।
ताजे फलों को खाकर,
कोरोना को मिलकर भगाएँगें हम।



**आरुषी नेमा**
**कक्षा- आठवीं 'अ'**

# महामारी को फिटनेस से हराना है

रोज सबेरे योग है करना,
सात्विक नियम निभाना है,
हरी सब्जियाँ सेवन करना,
सादा भोजन खाना है।
बाजारों की खुली वस्तुएँ,
हमको नहीं हाथ लगाना है।
सेहत अपनी बेहतर होवे,
वह तरकीब लगाना है।
फैली है जो महामारी उसे,
फिटनेस से ही हराना है।
हाथ स्वच्छ रखना है अपने,
मुँह पर मास्क लगाना है।
सोशल डिस्टेंसिंग अपनाकर,
कोरोना को भगाना है।
सर्दी खाँसी या बुखार हो,
हमें नही घबराना है।
सीधे फीवर क्लीनिक जाके,
अपनी जाँच कराना है।
स्वस्थ मस्त रहने की युक्ति,
हरदम ही अपनाना है।
फैली है जो महामारी उसे,
फिटनेस से ही हराना है।



**कल्याणी दुबे**
**कक्षा- छटवी-अ**

# दौर चला कोरोना का

दौर चला कोरोना का,

लैपटॉप और फोनों का।

आराम था न चैन था,

दिल सबका बेचैन था।

हर जगह कहर था,

क्योंकि कोरोना में जानलेवा जहर था।

देख देख कर फोन, लैपटॉप,

आंखे इतनी परेशान हुईं।

तो डॉक्टर भी हैरान हुईं।

दौर चला कोरोना का,

मास्क वाले इंसानों का ।

2 गज की दूरी थी,

वैक्सीन बहुत जरूरी थी।

साइंटिस्ट और डॉक्टर के रास्ते में मुसीबतें कई आईं,

पर आखिर में तो भारत के विदों ने वैक्सीन बनाई।

दौर चला कोरोना का, लैपटॉप और फोनों का।

दौर चला कोरोना का, लॉकडाउन और फोनों का।



**कौमुदी**
**कक्षा : पांचवी अ**

# हमारी हिंदी भाषा



-छवि साहू
कक्षा - बारहवीं 'अ'

संस्कृत से निकली है सारी भाषा, हिंदी भी है;
उसमें से निकली एक बड़ी आशा !
इस आशा को हमने अपनी मातृभाषा बनाया,
हिंदी को प्रथम स्थान पर पहुँचाया |
यह भाषा नहीं, यह है,एक बसा हुआ संसार |
जिस में व्यक्त करते हैं, हम भारतवासी अपने विचार |
भाषा हो या विचार सब होते हैं, हिंदी से साकार |
हिंदी भाषा बोले पूरी दुनिया, ऐसे हैं मेरे विचार |
क, ख, ग, घ हो, या हो राजनैतिक काम |
हिंदी भाषा ना होती, तो लग जाता सब पर विराम |
सा, रे, गा, मा, पा, धा, नि, हैं ये सुरों की सरगम |
और कई सुर निकलें हैं, हिंदी से हरदम |
हिंदी भाषा ना होती, तो कैसा होता भारत का संसार?
व्यक्ति अपने सुख-दुख को कैसे देता उद्गार |

# क्या पाया क्या खोया



- पलक दीक्षित
कक्षा : बारहवीं 'ब'

जिंदगी के इस सफ़र मे,
जहाँ नित नई खोज जारी है।
कुछ पाने की, कुछ समेटने की,
इसमे अकसर हम भूल जाते हैं।
सुहावने वर्तमान को।
जो बेइंतिहा खूबसूरत है,
शायद हमारी चाहतों से भी।
इसलिए मै,मानती हूँ,
क्या पाया क्या खोया के सफर मे,
जो आज है वो हसीन है!!..

# मुझसे डरो ना!

कल रात सपने में आया कोरोना,
उसे देख जो मैं डरा, मुस्कुरा के बोला,
मुझसे डरो ना।
उसने कहा कितनी अच्छी है तुम्हारी संस्कृति,
ना चूमते ना गले लगाते,
दोनों हाथ जोड़कर बस स्वागत करते ।
मुझसे डरो ना।
कहां से सीखा तुमने,
रूम स्प्रे, बॉडी स्प्रे ।
पहले थे तुम, धूप, दीप, कपूर,
अगरबत्ती व लोभान जलाते, वही करो ना ।
मुझसे डरो ना ।
प्रारंभ से तुम्हें सिखाया गया,
अच्छे से हाथ पैर धोकर घर में घुसो ।
मत भूलो अपनी संस्कृति,
वही करो ना ।
उसने कहा सादा भोजन,आचार, विचार
यही तो है तुम्हारे संस्कार ।
उन्हें छोड़ जंक फूड, फास्ट फूड के चक्कर मे पड़ो ना ।
मुझसे डरो ना ।
उसने कहा शुरू से ही जानवरों को पाला-पोसा प्यार दिया,
रक्षण की है तुम्हारी संस्कृति, उनका रक्षण करो ना ।
कल रात मेरे सपने में आया कोरोना
बोला मुझसे डरो ना..!




**- प्रभान्शु दीक्षित**
**कक्षा - सातवीं 'अ'**

# <u>कहानी कल्लू की,,,</u>

कल्लू का नाम तो कलावती है लेकिन लोगों ने कल्लू कहना शुरू कर दिया। दो बेटियाँऔर एक बेटे के साथ अपना जीवन व्यतीत कर रही कल्लू के पति की विगत वर्ष हृदयाघात से मृत्यु हो गई ।कल्लू का जीवन जैसे वीरान हो गया ।पति का इलाज नहीं करवाने का दोष लगा। भविष्य की चिंताओं ने  नकारात्मक विचारों का जाला दिलो-दिमाग में बुना। चिड़चिड़ेपन ने तनावग्रस्त कल्लू को बीमार सा कर दिया।निराशा और हताशा से टूट सी गई कल्लू बच्चों की देखभाल करने में सहज नहीं थी।

और तभी कल्लू के जीवन में आशा की किरण बनकर दूर गाँव में रहने वाली बुआ जी का आगमन हुआ।  गांव में एकाकी जीवन बसर कर रही बेहद खुशमिजाज और उम्र के इस पड़ाव में दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहती बुआ जी अपने जीवन के हर हिस्से को जिंदादिली से जीने का जज्बा रखती। बुआ जी ने कल्लू के हालातों को समझना शुरू किया और उसे निराशा और तनाव मुक्त करने का जतन करने लगी।

बुआ ने कल्लू के लिए एक दवा तैयार की ।वह दवा थी, कल्लू को सकारात्मक उर्जा देना, उसे जीवन के संघर्षों से सामना करने की प्रेरणा देना ,उसके जीवन को तनाव से मुक्त करना तथा  कल्लू को बच्चों की देखभाल और पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करना।

इस प्रकार कल्लू के जीवन में शनैः शनैः सकारात्मक परिवर्तन होने लगे ।अब कल्लू अपने भविष्य की चिंता को छोड़ वर्तमान में जीने लगी थी। खेतों में मेहनत मजदूरी करती, अपने बच्चों से बतियाती और उनकी पढ़ाई लिखाई पर ध्यान देती। बुआ की दवा असर कर गई थी ।

और जीवन की परिभाषा समझाकर खुशमिजाज बुआ वापस रवाना हो गई, किसी और का घर संवारने,,,,,, ।



**- कु. प्रीत नेमा**
**कक्षा - छठवीं 'अ'**

# समय का मूल्य (कहानी)

एक बहुत बड़े व्यापारी का कोरोना के कारण निधन हो गया था। उसके घर में पत्नी और एक पुत्र था। घर की सारी पूंजी कोरोना के इलाज में ही खर्च हो गई। व्यापारी के निधन के कुछ समय बाद घर में खाने के भी लाले पड़ गए। एक दिन परेशान हो कर मां ने पुत्र से कहा कि "अब रहा नहीं जाता बेटा । तुम्हारे पिता की कमाई का एक हीरा ही घर में बचा हुआ है; तुम इस हीरे को दुकान पर बेच कर घर के लिए कुछ ज़रूरी चीजें लेकर आओ।" बेटा उस हीरे को लेकर सुनार के पास गया। सुनार ने पहले तो बच्चे से पूछा - "यह तुम्हारे पास कैसे आया? बच्चे ने अपने व्यापारी पिता का परिचय दिया तो सुनार संतुष्ट हो गया। फिर उसने हीरे का मूल्य कुछ इस प्रकार बताया - "मेरी इस शहर में चार दुकानें हैं। पहली पुस्तकों की;दूसरी कपड़े की, तीसरी सोने-चाँदी की; और चौथी अनाज किराना की; चारों दुकानों से क्रमशः 25- 25 मिनिट में आप जो चाहें ले सकते हैं; समय अवधि पूरी होने पर कुछ नहीं मिलेगा।" लड़का तय मूल्य अनुसार पहले पुस्तक की दुकान में गया, अनेक पुस्तकें देखने में काफी समय खर्च कर दिया कुछ ही पुस्तकें ले पाया। फिर वह अगली कपड़े की दुकान में गया । वहाँ भी कपड़ों की चकाचौंध में वह कुछ खास नहीं ले पाया। फिर वह तीसरी दुकान में गया; वहाँ भी ये अच्छा है ये नहीं, इसी में काफी समय बिता दिया। कुछेक गहने ही ले पाया। फिर वह चौथी दुकान, किराना भंडार में गया। किराना दुकान में भी वह देखने में लगा रहा कोई खास सामग्री नहीं ले पाया। हीरे के खरीदार सेठ ने कहा आप का समय पूरा हुआ। अब आप कुछ नहीं ले सकते।

एक बहुमूल्य हीरे की सही कीमत बच्चे को नहीं मिल पाई और कम कीमत में ही हीरा चला गया। यह कहानी पढ़ कर हमें लगता है कि उस लड़के ने भूल की। हम होते तो हीरे का पूरा मूल्य लेते।

**वास्तव में समय का सदुपयोग न कर पाने वाला कौन है**? **यह लड़का हम ही हैं** । जीवन के चार आश्रम ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास व्यापारी की दुकाने हैं। 100 वर्ष के इस जीवन को चार भागों में बाँटा गया है। हीरा यह मानव जीवन है, जिसके मूल्य का सही उपयोग हम नहीं कर पाते हैं।

**कहा भी गया है-**

**"हीरा रत्न मिला अनमोल, अरे नर कंकड़ क्यों बनता है ।'**



**बृजेश आनंद बझैया**
**कक्षा- नौवीं 'अ'**

# मेरा भारत महान




**शुभी बुनकर**
**कक्षा- दसवीं 'ब'**

मेरा भारत बने महान,
भारत के ढेरों विज्ञान;
मेरा भारत बने महान।
यही है, हम सब का जहान ।
हम सब हैं, इसकी संतान |
मेरा भारत बने महान।।
मेरा भारत प्यारा है,
यही देश का नारा है।
यही है, हम सब का अरमान|
मेरा भारत बने महान।
मेरा भारत रहे महान।

# पर्यावरण की पुकार....



**- सृष्टि**
**कक्षा–छठवीं 'ब'**

इंसान की सारी माया,
पर्यावरण पर संकट लाया।
देश को विकसित बनाया,
पर्यावरण को खूब सताया।
पेड़ पौधे नष्ट हो गए,
पेड़ काट इंसान मस्त हो गए।
अपने स्वार्थ को दिया बढ़ावा,
पर्यावरण को खूब सताया।
पंछी सारे लुप्त हो गए,
इंसा सारे सुस्त हो गए।
इमारतें तो खूब बनाया,
पर्यावरण को खूब सताया ।

# हमने कभी न सोचा था की ऐसे दिन भी आएंगे।

हमने कभी न सोचा था, कि ऐसे दिन भी आएँगे|
छुट्टियाँ तो होंगी पर, पर मना भी नहीं पाएँगे|
आइसक्रीम का मौसम होगा, पर खा नही पाएँगे।
हमने कभी न सोचा था कि ऐसे दिन भी आएँगे,
जो दूर हैं, उन्हे पास भी न बुला पाएँगे;
और जो पास हैं, आज उनसे हाथ भी न मिला पाएँगे ।
हम जिनके साथ वक्त बिताने को तरसा करते थे, आज उनसे भी ऊब जाएँगे।
हमने कभी न सोचा था, कि ऐसे दिन भी आएँगे,
रास्ते खुले होंगे, पर कहीं जा नही पाएँगे।
नही दिखेगी कोई मुस्कुराहट, क्योंकि चेहरे मास्क से ढक जाएँगे।
कैलेंडर हो जाएँगे बेमानी, बस यूँ ही दिन- रात बिताएँगे।
हमने कभी न सोचा था, कि ऐसे दिन भी आएँगे|
अगर अब भी न समझे नादान, तो बड़ा पछताएँगे|
जब खो देंगे पृथ्वी को,
तो क्या चांद पर डेरा बसाएंगे?.
हमने कभी न सोचा था कि ऐसे दिन भी आएँगे।



**वैष्णवी त्यागी**
**कक्षा- छठवीं 'ब'**

# दुनिया का अंत

प्रकृति प्रगति पूरक हैं, एक दूसरे के;
प्रकृति बिना प्रगति नहीं, प्रगति बिना प्रकृति नहीं।
ये दोनों अलग हो सकते नहीं।
पर पहना दिया किसी ने चश्मा ऐसा,
कि जहाँ प्रकृति है, वहाँ प्रगति नहीं, ना ही पैसा.
भागने लगे सभी इसी दौड़ में, और कुछ ना सोचा।
हरी जमीन को काला किया, वृक्षों को भी काट दिया।
जल को प्रदूषित किया, हवा में ज़हर घोल दिया।
पशुओं को तड़पाया, पंछियों को भी कैद किया।
प्रकृति को नष्ट करने, हर एक संभव पाप किया.
परन्तु हम भूल बैठे, सबसे बड़ा यह तथ्य;
अगर वह जन्मदायिनी है, तो मृत्यु भी बन सकती है।
अगर वह माँ है, तो काली भी बन सकती है|
तोड़कर हमारा अहंकार, लिया उसने अपना प्रतिकार|
लगा दिया हर कहीं ताला, इंसान को बाँध डाला।
देख आज तू बँधा है, वे आकाश छू रहे हैं।
देख अपनी मौत को, जो सामने ही खड़ी है।
वक्त है सुधर जाओ, वरना निश्चित है, इस

**' दुनिया का अंत '**



**- स्वाति पटेल**
**कक्षा – नवमी-ब**

# सवैये

१) यशोदा का प्यारा नंदलाला, है यह जग का कृष्ण कन्हैया।
देखो खेलत नंद के अंगना, माखन के लिए फोड़त मटकिया।
समझावत हारी यशोदा मैयां, पर ना माने नटखट कन्हैया।
कहत यशोदा से कृष्ण कन्हैया, माखन भावत ओ मोरी मैयां।

२) अधरात्रि जब मुरली बजावै, राधा पग पग दौड़ी आवै।
बंशी धुन सुन गोपियाँ सब, सुधबुध खोकर मुग्ध हो जावै।
राधा कृष्ण संग रास रचाती, पगकी पैजनिया छन-छन छनकाती।
सब देव-देवियाँ रास को देखत, देखत वा पर मोहित हो जातीं।



**अपर्णा सिमोनिया**
**कक्षा- नवमी 'ब'**

# मौत भी तेरे सामने हार के जाएँगीं

तू जहाँ है, वहीं रुक जा,
ये वायरस की घटा छट जाएगी।

तू अपनो को घर से निकलने से रोक,
नहीं तो ये विपत्ति और निकट आएँगी।

तू देश के विषय में सोच,
ये तेरी महानता कहलाएगी।

तू कर उन प्राणों की सुरक्षा,
तेरी 'उसपर' भक्ति नज़र आएँगी।

हो जाने दे आज दो-दो हाथ, उस संक्रमण से भी,
देखते हैं; मानवता कैसे हार पाएगी।

है अगर तेरी हर इच्छा आज सुदृढ़,
तो आज मौत भी तेरे सामने हार के जाएगी।



**- उत्तरा पांडे**
**कक्षा- छठवीं 'ब'**

# **कोरोना पर कविता**

कोरोना का करिश्मा तो देखो,
क्या से क्या हो गया ?

बीमारी से बचने के लिए ही,
मरीजों की तरह घर पर रहना पड़ गया।

बच्चे, जिस छुट्टी के लिए तरसते थे,
अब वो स्कूल जाने के लिए तड़पते हैं।

ना बुआ आई, ना मामा के यहाँ गए,
इस बार सभी माँओं के आँगन सूने रह गए।

कोरोना का करिश्मा तो देखो,
क्या से क्या हो गया ?

पढ़ने के लिए जिस फोन को,
साइड में रखना होता था, अब उसी फोन में,
पढ़ाई का मटेरियल रहता है।
शिक्षकों ने भी कोई कसर ना छोड़ी,
ब्लैक-बोर्ड की जगह ऑनलाइन क्लास ने ले ली।

कोरोना का करिश्मा तो देखो,
क्या से क्या हो गया?



`

**अभिज्ञान शर्मा**
**कक्षा-चौंथी 'अ'**

# प्यारी चॉकलेट

प्यारी चॉकलेट,
प्यारी चॉकलेट,
मेरा मन ललचाती है।

जब मेरे मुँह में आती है,
तो झटपट तू घुल जाती है।

होते तेरे कई प्रकार,
डेरी मिल्क और फाईव स्टार |
चाहे तू कैसी भी हो,
सबका मुँह मीठा करती हो |



**-आर्यन सिंह सिकरवार**
**कक्षा- चौथी "ब"**

# ''मेरा विद्यालय''

जीवन मे कुछ पाना है तो,
विद्यालय जाना है |
बिना विद्यालय गुरु कहाँ ?
बिना गुरु ज्ञान कहाँ ?

अनुशासन में रह कर  पढ़ना,
हर नियम का पालन करना,
कैसे  बैठना कैसे बोलना,
सब कुछ यहाँ सिखाते है |

जीने की कला बताते है,
इंग्लिश, हिन्दी, गणित, विज्ञान
हमे पढ़ाते और बनाते विद्वान |

कला और संगीत का भी
उतना ही रखते है ध्यान,
हमारे सब शिक्षक विद्यवान
देते नित नव विद्या दान |

देश भक्ति का पाठ पढ़ाते |
खेलकूद का नियम सिखाते |



**-दक्ष साहू**
**कक्षा – 5 'ब'**

# <u>कोरोना को हराना है</u>

घर-घर का नारा है,
कोरोना को हराना है ।
कोरोना ने खौफ फैलाया है,
बडों- बडों को डराया है ।
सावधानी को अपनाना है,
दो गज दूरी, मास्क को लगाना है
घर-घर का नारा है,
कोरोना को हराना है ।



**- कुनाल पटेल**
**कक्षा-पाँचवी ब**

# सम्मान

आज हमें करना है, अपने शिक्षक का सम्मान,
जिसने हमको है दिया ,चारों ओर का ज्ञान,
पेड़– पौधे, पशु –पक्षी सबमें होती है जान,
सिखाया जिसने हमको, क्या होता है विज्ञान |
माँ के जैसी ममता है, पिता के जैसा प्यार,
करता हूँ मैं उनको, बहुत सम्मान और प्यार,
एक दिन बड़ा हो जाऊँगा, कुछ बनकर दिखलाऊँगा,
उनके सम्मान में कुछ बातें ,फिर से मै दोहराऊँगा,
जिससे सीखा,लिखना -पढ़ना,बनी एक पहचान,
आज हमें करना है अपने शिक्षक का सम्मान।



**-महर्ष मालवीय**
**कक्षा- दूसरी "अ"**


# चूँ-चूँ करती आई चिड़िया........

चिड़िया आई चिड़िया आई, चूँ-चूँ करती चिड़िया आई,
मेरी छोटी सी बगिया में घाँस-फूँस के तिनके लाई,
तिनकों को फिर जोड़-जोड़ के, उसने एक घोंसला सजाई,
घोंसले मे फिर वो छोटे-छोटे अंडे लाई ,
अंडों को फिर सहेज़-सहेज़ के उनसे फिर चूज़े बनाई,
फिर चिड़िया और चूजों ने चूँ-चूँ- चूँ-चूँ आवाज़ लगाई,
मुझे लगा उन्होंनें दाना-पानी लेके मुझे बुलाई,
मैंने फिर उन सबको रोज़ दाना-पानी खिलाई,
खाते-पीते फिर एक दिन चूजों ने चिड़िया संग लंबी उड़ान लगाई,
घोंसला छोड़ सभी ने आसमान में अपनी नई दुनिया बनाई,
मैं नीचे मायूस खड़ी थी, पर फिर कभी न वो लौट के आई,
और फिर एक दिन चूँ-चूँ की आवाज़ मेरी बगिया में आई,
देखा तो पाया, एक नई-चिड़िया आई, नई चिड़िया आई,
चूँ-चूँ करती चिड़िया आई, चूँ-चूँ करती चिड़िया आई।



**नैना सोनी**
**कक्षा – पांचवी "अ"**

## कविता



जाग उठा ,जाग उठा, जाग उठा है कोरोना काल |
बचके, बचके, बचके बड़े, बूढ़े और बाल ||
आया... आया ....आया ...महामारी का महाजाल |
चारों और फ़ैला मौत का जंजाल |
नहीं जाना किसी के पास, नहीं मिलाना किसी से हाथ |
है यदि तुम्हारे घर पर ताला, नहीं पड़ेगा कोरोना से पाला ||

**– निपुण**
**कक्षा – चौथी "अ"**

## सोच

सोचना भी एक कार्य है। आप अपनी सोच पर निर्भर होते है और आप जैसा सोचते है वैसा ही होता है। हमें हमेशा अच्छा सोचना चाहिए क्योंकि हम जैसा सोचते है वैसा ही आगे होता है । सोचने से जुड़ा मैं अपना एक अनुभव बताना चाहूंगा –

हम सभी दोस्त अपनी कॉलोनी में क्रिकेट खेलते थे । लगातार दो –तीन दिन मेरी टीम हार गयी और मैं मायूस हो गया । मैंने सोच ही बना ली कि अब तो मैं जीतूंगा ही नहीं। पर फिर जब मुझे मेरे पापा ने समझाया कि हार जीत तो हमारे जीवन का अंग है तब मैंने अपनी सोच बदली और ठान लिया कि कल तो मेरी टीम ही जीतेगी और आप समझ गए होंगे कि क्या हुआ होगा......अगले दिन हमारी टीम जीत गयी । और मैं समझ गया कि सोच का हमारे जीवन में कितना महत्व है।



**राजवीर सोनी**
**कक्षा:-पांचवी 'ब '**

# दौर कठिन है ’

साल बीस से दौर कठिन है
आई एक महामारी ।
बच्चे बूढ़े और सभी पर
पड़ती जाए भारी ।।
घर में बैठो स्वस्थ रहोगे
न समझो लाचारी ।
मुँह पर मास्क और दो गज दूरी
छोड़ो सब दुनियादारी ।।
साल बीस से दौर कठिन है
हम बच्चों पर भारी ।
घर में बैठे, बोर हो रहे
कैसी है ये बीमारी ।।
पीठ पर बस्ता भूल गए हम
भूले किताबें भारी ।
दूर से मैडम पढ़ा रही हैं
फिर आये सर की बारी ।।
साल बीस ये दौर कठिन है
कब जायेगी ये बीमारी ।



**राम नेमा**
**कक्षा –चौथी “अ”**

# <u>इनका साथ नहीं होता तो क्या होता ?</u>

डॉक्टर्स नहीं होते तो
साँसे उखड़ती रहती,
दम निकलते रहते,
अपनी बीमारी को लेकर
कहीं कोने में पड़े रहते ।

पुलिस नहीं होती तो
मुस्कुराहट कहीं खो जाती,
हर पीड़ा पर सिसकते रहते
बैचैनी के इस दौर में
हम चैन कहां से पाते ।

शुक्र है वो डॉक्टर्स और पुलिस का जो हमारे साथ है,
जो सेवा और समर्पण का जीवंत प्रतीक है,
सभी डॉक्टर्स और पुलिस का दिल से धन्यवाद !
आपके होने से ही हैं हम स्वस्थ व सुरक्षित हैं आज ।



**-सजल कुमार मेहरा**
**कक्षा - तीसरी "ब"**

# कोरोना से मत डरो ना

कैसी अजब बीमारी आई है, नाम है इसका कोरोना

गली, गाँव और शहर से लेकर घर-घर फैला कोरोना

मम्मी पापा डॉक्टर मेरे , कहते जान भी ले लेता कोरोना |

छीकें आती ,नाक भी बहती ,देता है ज्वर कोरोना

मम्मी पापा कोरोना ड्यूटी पर रह्ते ,हमसे कहते घर पर रहो ना |

हाहाकार मचा है जग में ,प्रबल शत्रु है कोरोना

मरीजो की जान बचाना है, उनका जीना ,कैसे भागेगा कोरोना

स्कूल हमारे बन्द कराए , खेलना कूदना दोस्त छुडाए

दादी – नानी की याद सताएं , जन्म दिन भी हम मना न पाए|

कैसे जायेगा ये कोरोना मम्मी  कहती बार -बार  साबुन से हाथ धोना

पापा कहते मास्क पहनकर लोगो से दूर रहो ना,

नही किसी से मिलने देना, मिलने से फैलता कोरोना |

आना जाना बंद है सबका ,घूम रहा है बस कोरोना

दो गज दूरी, मास्क है जरूरी

इसी से डरता है कोरोना।

सावधानी ही बनी सुरक्षा,

कोरोना से अब नहीं डरो ना ॥



**-शार्वी सोनी**
**कक्षा –तीसरी ‘ब’**

# कविता

मिलकर कोरोना वायरस को हराना है,
वैक्सीन लगवाना है सभी को यह बताना है।
घर से हमें कहीं नहीं जाना है,
हाथ किसी से नहीं मिलाना है ,
चेहरे पर हाथ नहीं लगाना है,
मिलकर कोरोना वायरस को हराना है।
बार बार अच्छे से हाथ धोते जाना है,
सेनेटाइज कर के देश को स्वच्छ बनाना है |
बचाव ही इलाज है यह हमें समझाना है,
मिलकर कोरोना वायरस को हराना है।
कोरोना से हमको नहीं घबराना है,
सावधानी रखकर कोरोना वायरस को मिटाना है,
देशहित में सभी को यह कदम उठाना है,
मिलकर कोरोना वायरस को हराना है,
मिलकर कोरोना वायरस को हराना है।



**- सूर्यांश विश्वकर्मा**
**कक्षा- चौथी"ब"**

# **कोरोना पर कविता**

अपने घर से बाहर नहीं जाना है,
हाथ किसी से नहीं मिलाना है,
चेहरे को हाथ नहीं लगाना है,
हमें मिलकर कोरोना को हराना है...!!
बार-बार साबुन से हाथ धोने जाना है,
2 मीटर की दूरी रखकर दूसरों को सुरक्षित बनाना है,
टीकाकरण ही इलाज है, यह हमें समझाना है,
सबको मिलकर कोरोना को हराना है..!!
कोरोना से हम को नहीं घबराना है,
बुखार होने पर डॉक्टर को दिखाना है,
हमेशा डॉक्टर की बताई दवा समय पर खाना है,
हम सबको मिलकर कोरोना को हराना है..!!
घर-घर यह संदेश पहुँचाना है,
सरकार की योजनाओं को अमल में लाना है,
देशहित में सभी को अपना फर्ज निभाना है,
इस बार हम सबको मिलकर कोरोना को हराना है..!!
हम सबको मिलकर कोरोना को हराना है,
हम सबको मिलकर कोरोना को हराना है..!!



**- उमेश पाण्डेय**
**कक्षा :- पाँचवी "ब"**

# स्कूल का पहला दिन

एक दिन की बात है, मै सुबह उठकर  ब्रश कर रहा था । माँ ने मुझसे कहा बेटा जल्दी करो। मुझे लगा कि मैं अपनी माँ के साथ कहीं  घूमने जाने वाला हूँ। क्योंकि मैं कभी माँ के साथ सब्जी लेने जाया करता था, इसलिये मैं खुश था। जल्दी से नहा कर तैयार हो गया। लेकिन ये क्या, माँ ने मुझे भैया की तरह यूनिफॉर्म पहना दी। मैं रोने लगा मुझे स्कूल नही जाना। माँ नही मानी मुझे स्कूल पहुंचा दिया। मैं बहुत उदास था। तभी मैडम ने सब बच्चो के नाम पूछे और सबको टॉफी दी, मैने सोचा-अरे वाह ! स्कूल में टॉफी भी मिलती है। इसके बाद मैडम जी हम सब को पार्क ले गई। फिर तो मुझे मजा ही आ गया। वहाँ मैने अपने दोस्त भी बना लिए पार्क से आकर हम सब दोस्तो ने लंच किया। फिर मैडम ने हमको एक कहानी सुनाई। मुझे बहुत अच्छा लग रहा था। फिर हम सब की छुट्टी हो गई। उस दिन से मुझे स्कूल जाना बहुत अच्छा लगने लगा, लेकिन अब मैं  कोविड- 19 के कारण स्कूल नहीं जा पा रहा  हूँ। मुझे अपने स्कूल की बहुत याद आती है। कोरोना तुम जल्दी से चले जाओ।

मुझे स्कूल जाना है।



**- आरव तिवारी**
**कक्षा - दूसरी  'अ'**

# अभी भी सावधान रहना है।

मेरा सबसे है, कहना,
अभी घर में ही रहना।
कोई काम हो जरूरी,
तो ही रोड पर निकलना।

हाथ बार-बार धोना,
सेनेटाईज भी करना।
कभी बाहर निकलना,
तो सोशल डिस्टेन्सिग रखना।

अब हाथ ना मिलाना,
मुँह पर मास्क है लगाना।
घर किसी के ना जाना,
अभी घर न बुलाना।

सारे नियमों का रखना है ध्यान,
अभी भी सावधान रहना ।
ताकि जाये न किसी की जान,
अभी भी सावधान रहना ।
चलों, सफल करें अभियान,
अभी भी सावधान रहना ।




**-आन्या सोनी**
**कक्षा- चौथी "अ"**

# कैद हमारा बचपन

कोरोना महामारी आई, कैद हमारा बचपन।
न जाने कैसी आफत आई, घर में बीते बचपन।।
हम तो चाहें आसमान में, पंछी की तरह उड़ जाना।
हम तो चाहें खेल-खेल में, हर पल रोज बिताना।।
पापा बोले घर में रहना, मम्मी बोले अंदर।
इनको अब समझाए कौन, कैद हमारा बचपन।।
कोरोना महामारी आई.....................
हमें तो याद आते हैं, स्कूल के प्यारे वो पल।
यारों संग पढ़ते लिखते, और खूब खेलते हर दम।।
हमें तो याद आते हैं, स्कूल के मेरे गुरुजन।
खेल खिलाते प्यार जता के, खूब पढ़ाते हरदम।।
कोरोना महामारी आई...................
हमें तो जाना नानी घर, नाना से भी है मिलना।
हमें तो दादा-दादी संग, सैर सपाटा है करना ।।
कब होंगे बंधन से मुक्त, कौन हमें छुड़ाए।
कब होंगे हम आजाद परिंदे, कोई तो हमें बताए।।
कोरोना महामारी आई..................



**-अतिक्ष दुबे**
**कक्षा तीसरी- 'अ'**

# अपना नरसिंहपुर

देश हमारो भारत भैया
दिल्ली है राजधानी,
मध्यप्रदेश यहाँ बीच में
धार-धार है पानी |

पाँच तहसीलो बीच में
बसो है जिला हमारो,
रूप-रंग और फिज़ा गंध में
यह सबसे है न्यारो |

नरसिंहपुर के बीच बना है
मंदिर प्रभु नरसिंह का,
नर भी काम करते है जहाँ
रण मे जाकर सिंह का

रेवा मैया के दर्शन से
जन्म सफल हो जाता है,
मात नर्मदे मात नर्मदे
जन जन मन से गाता है |

यहाँ तपो भूमि ब्रह्मा की
बरमान घाट कहलाता है,
जोगी भोगी तट पर आकर
जीवन सफल बनाता है |



**आभा चौबे**
**कक्षा - पांचवी "ब"**

# हर तरफ कोरोना

हर तरफ कोरोना है
हर ओर इसका ही रोना है।
गली मोहल्ला देश का हर कोना
हर तरफ यही बगरोना है।
क्यों इससे घबराना है...
नाक पर मास्क, हाथों में सेनेटाइजर लगाना है।
घर से ना बेवजह कहीं कदम बढ़ाना है
तभी कोरोना को हराना है।
साथ ही पूरी सावधानी और सजगता दिखाना है।
फिर से वही दिन आएँगें,
सारे आजाद पंछी जैसे चह-चहांएँगें।
स्कूलों में दोस्तो संग हम खिलखिलाएंगें
और हम सब मिलकर यही गाएंगें।
देश हमारा प्राणों से प्यारा, सबसे यही निराला है।''



**कु. दीवा शर्मा**
**कक्षा-तीसरी ''अ''**

# कविता"कोरोना"

कोरोना तूने क्या कर डाला ।
लगता है अब सब पराया।
तेरा आना हमें न भाया।
कोरोना तूने क्या कर डाला।
मम्मी बोले हाथ धोते जाओ।
घर से बाहर अभी न जाओ।
दोस्त हमें कहीं भूल न जाए।
स्कूल टीचर की याद सताए।
नानी के घर जाना भारी।
शॉपिंग, बर्थडे फीका पड़ जाए।
हम नन्हें मुन्ने कैसे अपना दिल बहलाएं ?
तेरा भय हमें सताए।
कोरोना हम तुझसे नहीं डरेंगे।
सोशल डिस्टेंसिंग में रहेंगे।
घर में रहकर तुझे हरायेंगे।
फिर जीवन खुशहाल बनाएंगे।



**-सूर्यांश पाठक**
**कक्षा – चौथी 'अ'**

# <u>मेरी पहली कक्षा</u>

स्कूल जाना नहीं हुआ,
दोस्त बनाना नहीं हुआ।
घर पर बैठे देखा करते,
लैपटॉप और फोन।
पढ़ना लिखना सब गूगल पर,
हुए घर पर लॉकडाउन ।
जाते हम जो स्कूल,
तो लगता शरारतों का मेला।
कोविड ने वो चक्कर चलाया,
रहा घर पर ही अकेला।
मैदान में जाना नहीं हुआ,
टीचर को सताना नहीं हुआ।
बहुत हुआ अब हमको भी,
है स्कूल में जाना।
रहें संभलकर सब दूर-दूर,
जो है कविड को हराना।



**मोहक शर्मा**
**कक्षा दूसरी ' ब '**

# कर्म का सिद्धांत

कर्म का अर्थ होता है; व्यक्ति द्वारा किए गए अच्छे या बुरे कार्य। तो प्रश्न यह है कि आखिर कर्म का सिद्धांत क्या होता है? सिद्धांत का अर्थ होता है किसी विषय के संबंध में कोई ऐसी मूल बात जिसे अधिकांश लोग सही मानते हों।

कर्म का सिद्धांत के अनुसार यह माना जाता है, कि हमारे अच्छे कर्मों का फल हम तक लौटकर आता है और उसी प्रकार हमारे द्वारा किए गए बुरे कर्मों का फल भी हम तक लौटकर अवश्य आता है। एक लघु कथा के माध्यम से हम इसे समझते हैं-

एक कार्यालय में दो व्यक्ति समान पद पर कार्य किया करते थे। दोनों का छोटा सा परिवार था रमेश के दो बच्चे थे, एक लड़का और एक लड़की और अभय के दो लड़के थे। रमेश अपने काम को पूरी ईमानदारी के साथ करता था अपनी इस नौकरी से उसे जो भी वेतन मिलता था , उसमें वह अपने परिवार के साथ खुश रहता था। अभय अपने कार्य को पूरी ईमानदारी के साथ तो नहीं करता था, अपितु अधिक पैसा कमाने की ताक में लगा रहता था। इस चक्कर में भ्रष्टाचार में लिप्त हो गया। गलत तरीके अपनाकर धीरे-धीरे अधिक पैसा कमाने लगा । उसके पास अब सब शानो-शौकत का सामान था ; बड़ा घर: गाड़ी और उसके बच्चे जो भी चाहते थे, वह उन्हें मिल सकता था। पैसे के बल पर कार्यालय में भी उसकी धाक जमने लगी सब जानते थे कि उसने यह पैसा गलत तरीके से कमाया है लेकिन कुछ कह पाने की किसी की हिम्मत नहीं होती थी। रमेश उसी पद पर रहते हुए भी अपनी सीमित आय के साथ अपने बच्चों को पढ़ने-लिखने की सभी सुविधाएं प्राप्त कराता था, और अपने जीवन से संतुष्ट रहता था। उसने कभी भी अभय की बराबरी करने की कोशिश नहीं की, क्योंकि वह जानता था गलत कार्य का परिणाम गलत ही होता है।समय यूं ही बीतता चला गया. रमेश का बेटा इंजीनियर बना और और बेटी डॉक्टर बनी। उन्होंने अपने पिता से ईमानदारी का जो पाठ सीखा था, उसे ही अपने जीवन में अपनाकर खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे थे ।उधर अभय खुद बीमारियों से ग्रस्त हो गया, तथा उसके दोनों बेटे भी गलत आदतों में पड़ गए किसी अच्छे स्थान पर तो नहीं पहुंच पाए बल्कि माता-पिता के लिए मुसीबत बन गए। उनका पारिवारिक जीवन कलह पूर्ण और अशांत बन गया।अभय के द्वारा किए गए गलत कर्मों का फल, अभय के साथ-साथ उसका पूरा परिवार भुगत रहा था।

तो बच्चों आप समझ गए होंगे कि गलत कर्म करने से कुछ समय के लिए भले ही हमें खुशी मिल जाती हो, लेकिन अंत में हमारे द्वारा किए गए कर्मों का फल हमारे पास लौटकर अवश्य आता है, इसलिए जो भी कार्य करें उसे पूरी ईमानदारी के साथ करें, कभी किसी के साथ गलत व्यवहार ना करें, किसी का मन ना दुखाएं । आप देखेंगे, कि आप के द्वारा किए गए अच्छे कर्मों का फल आपके पास अवश्य लौटकर आएगा।



**-श्रीमती उषा शर्मा**
**प्रशि. स्नातक शिक्षिका हिंदी**

2020 की तपती गर्मी और COVID-19 का भय | कशमकश,बेरोज़गारी, बेबसी, भूख,प्यास और बस एक अपने घर जाने की आश, अपने बच्चों और परिवार के साथ बस पैदल ही चले पड़ा, बिना किसी गाड़ी या सवारी के;लाखों प्रवासी मजदूरो का हुजूम जिंदगी की तलाश में,,,,,,,,,,,,,,,उस मंज़र को बयां करती मेरी कविता -

## "सांस की आश "

पानी में किसने लगा दी है आग, पानी में किसने लगा दी है आग,

आग की राख में घुटती हर सांस, सांस की आश में उजड़ता हर शहर.

शहरों से दूर जाती ये जिंदगी, जिंदगी का हिसाब लेती ये मौत.

मौत का मातम मनाता ज़माना , ज़माने की ठोकर से पैदल मजबूर.

मजबूरी में जिसका छूटा ठिकाना, ठिकाने से दूर उसका आशियाना.

आशियाने की बहुत कठिन है राह, राह में मिलेगी खून-सनी रोटी.

रोटी ने छुड़वाए अपने और अपनी मिट्टी,मिट्टी में दिखती है अब जिंदगी.

जिंदगी से एक दिन हारेगी मौत, मौत से तब तक लड़ेगी जिंदगी.

जिंदा रहेगी अपनों से मिलने की आश, मौत से तब तक लड़ेगी ये जिंदगी.

पानी में किसने लगा दी है आग, पानी में किसने लगा दी है आग ।




**संदीप सोनी**
**प्रशि. स्नातक शिक्षक- गणित**

# ENGLISH

# What I want, what I don't want

I want a world
That's full of fun
Only for children
Where they can run
I want school
Where I can have fun
I want a garden
Full of flowers
Where I can play with my friends
for long hours with the cute little kittens
all in my yard.
I want to call my friends to play
Not online games but with clay
Oh! No no I don't want veggies
B'coz I love sweet sweet candies
I want a world,
That's full of fun
Only for children
Where they can run



Komudi
Class: VI A

# MY CORONA EXPERIENCE

Everything was going well, children were going to school, parents were going to work, people were travelling and everything was normal. But one day a pandemic called corona came into our life. Due to which our life has been completely disturbed. We children are unable to go to school and meet our friends. We are unable to travel or even step out of our houses. We are stuck in our homes but at least we are safe at our place. But those who are away from their home and people, who don't have a shelter and food are suffering a lot and we are not able to help them even if we want to.

Almost one and half year passed and our online classes are going on and parents are working from home. But I miss those days when we used to meet our friends and teachers, studying and playing with them. We used to share our food and had fun together but now we are unable to do it.

And this year, I tried to help those who are in need by distributing food with my mother to them.

I remember when my parents suffered from Covid-19. I was so scared but I took great care of them and prayed for them to recover very fast. I used to make immunity booster drinks and healthy food for them, so that they can recover fast. I felt very bad when I was unable to touch them. I used to wear mask all day and kept social distancing from them. And after 15 days they recovered and their report was negative. I was really happy. I hope and pray that this situation should become normal and same as before.



**Poshika Bunkar**
**Class: X B**

# I Love Books

I love all the books

Some are light and some are hefty

As they contain all the information of great souls.

They teaches us a lot about good things

They tell us different lessons of life

With fun and learning inside.

They can solve our problems within no time

They tell us what is good and what is bad

We learn a lot from bottom of our heart

Because they are our best friend and greater than all.




**Samiksha Kori**
**Class: VII B**

## To The Unknown

The road ahead is kinda blur

I want to move forward

But I am scared of the unknown

What if the road ends?

What if there are rocks in the way?

Stopping is doing me no good

But I am terrified to go on and watch

Everything change.

**Sanskriti Brahman**

**Class: IX-A**

# Teen Age

There comes an age, when we understand our genes
That's the age when we enter into Teen.
Our body starts developing
And we can see long term goals clean,
that's the age when we enter into Thirteen.

We become mature and we become social,
Now we can take our decisions alone
That's the age when we are Fourteen.
We grow a little
We may become lean,
That's the age when we are fifteen.
We are cute,
we are mean,
That's the age when we are sweet Sixteen.

We have courage
And we want to explore the world
That's the age when we are Seventeen.

We are adults now,
We can drive car and we can vote to our King or Queen.
That's the age when we are eighteen.

We pass out from School
And enter College in our selected stream,
That's the age when we are Ninteen.



**Uttara Panday**
**Class: VI B**

# Save Plant, Save trees

Once it was Pranjal'sbirthday.On her birthday, the hall of her house was decorated with different colourful flowers. When I was returning with my friends, I saw that the garden had become flowerless and it was not looking so beautiful as it used to be. Neha said," These plants are not looking so beautiful now, so you should uproot them." Pranjal asked but why should I remove them? Neha replied "You must plant some new plants that would give not only flowers but fruits as well."

"It's a very nice idea. Pranjal, it's your birthday, "Planting new sappling on this occasion is a very auspicious thought", said Megha. "No doubt, I must say each one of us should plant a tree on our birthday every year and take care of it," said Nikita.

"This way, each plant will become a memory of our every birthday," said Amit.

Reena said,"Not only this, in this way we can make our surroundings clean and green."

Ananya said, "So, its final,we will plant a tree on our forthcoming birthdays and enjoy their fruits and flowers together."

"Yes", said all the children. "Let's start it from today from Pranjal's birthday," said Neha.

"To do a good thing, why should we get late?" said Ananya



,

**AnnepuAnanya Rao**
**Class: V B**

# संस्कृत

# संस्कृतः भाषायाः महत्वम्

संस्कृतः भाषा अस्माकं देशस्य प्राचीनतमा भाषा अस्ति। प्राचीनकाले सर्वे एव भारतीयाः संस्कृतभाषायाम् एव व्यव्हारं कुर्वन्ति स्म। कालान्तरः विविधा: प्रांतीयाः भाषा प्रचलिता अभवन्; किन्तु संस्कृतस्य महत्वम् अद्यापि अक्षुण्णं वर्तते। सर्वे प्राचीनग्रन्था: चत्वारो वेदाश्च संस्कृतभाषायमेव सन्ति। संस्कृत भाषा भारत राष्ट्रस्य एकतायाः आधारः अस्ति। संस्कृतं सर्वत्र देशे सामानरुपेण आद्रियते। संस्कृतभाषायाः यत्स्वरूपम् अद्य प्राप्यते,तथैव सहस्त्रवर्षपूर्वम् अपि आसीत्। संस्कृतभाषायाः स्वरूपं पूर्णरूपेण वैज्ञानिकम् अस्ति। अस्य व्याकरणं पूर्णतः तर्कसम्मतं सुनिश्चितं च अस्ति। संस्कृतः भाषा देवानाम् भाषा अस्ति।



**स्तुति सोनी**
**कक्षा- नवमी "अ**

# मम अनुभवम्

अस्माकं जीवनं परिवर्तनशीलम् अस्ति। समयेन सह परिवर्तनम् आवश्यकम् अस्ति। परन्तु कोरोनाकाल: अस्माकं जीवनशैल्यां पूर्णतः परिवर्तिनम् अकरोत्। कोरोनाकाले वयं बहु ज्ञानं यच्छाम्। छात्र - छात्राणाम्, वृद्ध - वृद्धानाम्, व्यापारीणां, कर्मचारीणां पूर्णतः कार्यशैली जीवनशैली च परिवर्तित अभवत्। छात्राः चलदूरभाषयन्त्रेण ऑनलाइन इति माध्यमेन पठन्ति। तथा सर्वे शिक्षका:अपि इयं जीवनशैली स्वीकारम् अकुरुन। अद्य, अधिकाधिकं कार्यम् चलदूरभाषयन्त्रेण सहयोगेन ऑनलाइन भवति। एकः वर्ष पूर्वम् एतेषाम् यन्त्राणां विषये वयं न जानामः। परन्तु अद्य वयं प्रयोगापि कुर्मः। कोरोनाकालः अस्मान् अनुशासनस्य ज्ञानं ददाति। सः प्रकृत्याः महत्वम् अपि प्रकटयति।



**- स्वाति पटेल**
**कक्षा – अष्टमी "ब"**

# भगवद्गीतायाः महत्वपूर्णाः श्लोकाः

(i) यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत:
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

अर्थ : हे भारत (अर्जुन), जब-जब धर्म ग्लानि यानी उसका लोप होता है और अधर्म में वृद्धि होती है तब तब मैं (श्रीकृष्ण) धर्म के अभ्युथान के लिए स्वयं की रचना करता हूँ अर्थात अवतार लेता हूँ |

(ii) परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे- युगे ॥

अर्थ : सज्जन पुरुषों के कल्याण के लिए, दुष्कर्मियों के विनाश के लिए और धर्म की स्थापना के लिए मैं (श्री कृष्ण) युगों-युगों से प्रत्येक युग में जन्म लेता आया हूँ|

(iii) यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जन:
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते॥

अर्थ -: श्रेष्ठ पुरुष जो जो आचरण यानी जो-जो काम करते है, दुसरे मनुष्य (आम इंसान) भी वैसा ही आचरण, वैसा ही काम करते है | वह (श्रेष्ठ पुरुष) जो-जो प्रमाण या उदाहरण प्रस्तुत करता है समस्त मानव समुदाय उसी का अनुसरण करने लग जाते है |

(iv) नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावक:
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥

अर्थ - आत्मा को ना शस्त्र काट सकते है, न आग उसे जला सकती है, न पानी उसे भिगो सकता है, न हवा उसे सुखा सकती है | (यहाँ भगवान् श्रीकृष्ण ने आत्मा के अजर-अमर और शाश्वत होने की बात की है |)



**-आयुषी राजपूत**
**कक्षा- सप्तमी "अ"**

# श्लोका:

**सुखार्थीन: कुतो विद्या  विद्यार्थीन: कुतः सुखम्।**

**सुखार्थी वा त्यजेत्विद्यां विद्यार्थी व त्यजेत् सुखम्।।**

अर्थ  - सुख चाहने वाले को विद्या  छोड़ देनी चाहिए और विद्या चाहने वाले को सुख छोड़ देना चाहिए। क्योंकि सुख चाहने वाले को विद्या नहीं आ सकती और  विद्या चाहने वाले  को सुख कहाँ|



**कल्याणी दुबे**
**कक्षा- षष्ठी 'अ"**


# संस्कृत श्लोका:

**आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान् रिपुः।**
**नास्त्युद्यमसमो बन्धुः कृत्वा यं नावसीदति।।**

अर्थ – व्यक्ति का सबसे बड़ा दुश्मन आलस्य होता है, व्यक्ति का परिश्रम ही उसका सच्चा मित्र होता है। क्योंकि जब भी मनुष्य परिश्रम करता है तो वह दुखी नहीं होता है और हमेशा खुश ही रहता है।

**उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः।**
**न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगा:।।**

अर्थ – व्यक्ति के मेहनत करने से ही उसके काम पूरे होते हैं, सिर्फ इच्छा करने से उसके काम पूरे नहीं होते। जैसे सोये हुए शेर के मुंह में हिरण स्वयं नहीं आता, उसके लिए शेर को परिश्रम करना पड़ता है।




**अंजलि फौजदार**
**कक्षा - षष्ठी "ब"**

# अस्माकं ध्येय वाक्यम्

| **संस्थान** | **ध्येय वाक्यम्** |
|---|---|
| भारत सरकार | – सत्यमेव जयते । |
| एन. सी. इ. आर. टी. | – विद्याऽमृतमश्नुते । |
| सी. बी.एस. सी. | – असतो मा सद् गमय । |
| केंद्रीय विद्यालय संगठन | – तत् त्वं पूषन् अपावृणु । |
| उच्च न्यायालय | – यतो धर्मस्त्तो जयः। |
| आल इंडिया रेडियो | – बहुजन हिताय। |
| दूरदर्शन | – सत्यं शिवं सुन्दरम्। |
| थल सेना (आर्मी) | - सेवा अस्माकं धर्मः। |
| वायु सेना | - नभः स्पृशं दीप्तम्। |
| जल सेना | - शं नो वरुणः । |
| लोकसभा | - धर्मचक्र प्रवर्तनाय । |



**वंश पटवा**
**कक्षा - षष्ठी "ब"**

# जीवनमन्त्र:

पुरातनानि शास्त्राणि यद्यपि अनेकवर्षपूर्वं लिखितानि सन्ति | तथा तेषु प्रकटिता: उत्तमा: विचारा: अद्यापि अस्माकं कृते उपयोगिन: सन्ति | अस्मभ्य: आदर्श जीवनं जीवितुम् शिक्षयन्ति | सर्वान् मानवान् कार्यं कर्तुं समीचीनम् विधिम् दर्शयन्ति | यदि वयं शास्त्रानुसार नियमान् आदर्शान् च पालयाम: तर्हि अस्माकं जीवनं इतोऽपि उत्कृष्टं सफल: च भवितुं शक्नोति | विशेषरूपेण यदि वयम् अस्माकं दिवसस्य प्रारम्भ: शास्त्रानुसारेण कुर्म: चेत् वयं सुखिन: भवितुं शक्नुम: | अस्तु तावत् जानीम: सार्थक जीवनाय शास्त्रेषु के के नियमा: आदर्शा: च प्रकटिता: | अत्र किञ्चित महत्त्वपूर्णा: श्लोका: संकलिता यत् अस्माकं जीवनाय अति उपयोगिनः सन्ति | (स्वयं निर्मित )

कर्मणा मनसा वाचा
यदभीक्षणं निषेवते,
तदेवापहरत्येनं
तस्मात् कल्याणमाचरेत्।।

अर्थात- मन, वचन, और कर्म से हम निरन्तर जिसके बारे में सोचते हैं, वही हमें अपनी ओर आकर्षित कर लेता है। अतः हमें सदा शुभ का चिंतन करना चाहिए। ( संकलित)

. धीराः शोकं तरिष्यन्ति
लभन्ते सिद्धिमुत्तमं।
धीरैः संप्राप्यते लक्ष्मी:
धैर्यं सर्वत्र साधनम्।।

अर्थात - धैर्यवान व्यक्ति शोकरूपी सागर को तैर कर उत्तम सफलता तथा धन सम्पत्ति प्राप्त कर लेते हैं। धैर्य ही हर प्रकार की विपरीत परिस्थितियों पर सफलता पाने का उत्तम साधन है। ( संकलित )

षड् दोषा: पुरुषेणेह
हातव्या भूतिमिच्छता |
निंद्रा तन्द्रा भयं- क्रोधम्
आलस्यं दीर्घसूत्रता ||

अर्थात्- संसार में उन्नति के अभिलाषी व्यक्तियों को नींद ,तन्द्रा (ऊँघ) भय , क्रोध , आलस्य तथा देर से काम करने की आदत इन छः दुर्गुणों को सदा के लिए त्याग देना चाहिए | ( संकलित)

निन्दाया: भयात् लक्ष्यं न त्यजेत् |
लक्ष्यं लब्ध्वा निन्दानानां विचारा: परिवर्तन्ते ||

अर्थात् – निंदा के भय से कभी भी लक्ष्य को न छोडे,क्योंकि लक्ष्य मिलते ही निंदा करने वालों की राय बदल जाती है | ( स्वयं निर्मित )



**श्रीमती रेणु**
**(प्रशि. स्ना. संस्कृत शिक्षिका )**

# Glimpses

## Fit India Week Celebration






Different Actiities










**Best Photo Graphy Compet ition**



# EBSB Activities













Online Webinar With Partnering State KV's





Other Related Activities













# Glimpses







*Online FSSAI Eat Right Creativity Challenge Competition*







*Activities Under Kala Utsav Competiiton*









*Celebration of Republic Day*



*Saraswati Pooja on the Occasion of "Basant Panchami"*

# छायांकन



माननीय अध्यक्ष महोदय वि.प्र. स. श्री वेद प्रकाश जी द्वारा खुली व्यायाम शाला का उद्घाटन



विद्यार्थी  द्वारा व्यायाम शाला उपकरण का प्रदर्शन



माननीय अध्यक्ष महोदय  व्यायाम करते हुए






वि.प्र. स की बैठक में मा. ना. अ. का स्वागत




वि.प्र. स की बैठक में विभिन्न बिन्दुओ पर परिचर्चा





महिला दिवस छायाचित्र



महिला दिवस पर गार्डन बेंच को विद्यालय को समर्पित करते हुए प्राचार्य

# ART GALLERY










Students Art Work









# Vidyalaya Family

| S.No. | Name of the employees | Designation |
|---|---|---|
| 01 | **Mr Arun Kumar Tumsare** | **PRINCIPAL** |
| 02 | Dr.Smt.Krishna Dubey | PGT(Hindi) |
| 03 | Mr.Apurwa Mitra Majumdar | PGT(Maths) |
| 04 | Ms Archana Govil | PGT(Chemistry) |
| 05 | Mr.Abrar Ali Chowdhary | PGT(CS) |
| 06 | Mr. Trilok Kumar Pathak | PGT (Physics) |
| 07 | Mr.Rakesh Kumar | PGT(English) |
| 08 | Mrs Nisha | PGT(Commerce) |
| 09 | Mr. Mishri Lal Vishavakarma | PGT(Economics) |
| 10 | Mr. Jasbir Rohilla | PGT(Biology) |
| 11 | Mr. Neelesh Nema | TGT(Maths) |
| 12 | Mr. Sandeep Soni | TGT (Maths) |
| 13 | Mrs. Rose Basanti Toppo | TGT(Eng.) |
| 14 | Mrs Preeti Vishwakarma | TGT(Sc.) |
| 15 | Mrs. Renu | TGT (Sanskrit) |
| 16 | Mrs. Usha Sharma | TGT (Hindi) |
| 17 | Mr. S.C.Kohli | TGT(WET) |
| 18 | Mr. Ashok Kumar | TGT(Art E) |
| 19 | Mr. Alok Kumar Yadav | Librarian,TGT |
| 20 | Ms. Sarita Jhajhariya | TGT (BIOL) |
| 21 | Mr. Choth Mal Meena | TGT(SOST) |
| 22 | Mrs. Vandana Atul Ram | PRT |
| 23 | Mr. Rakesh Kumar Sahu | PRT |
| 24 | Mrs. Suman Kumari | PRT |
| 25 | Mr. Mayank Kumar Vishwakarma | PRT(Music) |
| 26 | Miss Komal | PRT |
| 27 | Miss Pooja Panchal | PRT |
| 28 | Mrs. Shubhangini | PRT |
| 29 | Mr. Anuj Kumar | PRT |
| 30 | Mrs. Sakshi Dang | PRT |
| 31 | Mr. Rupak Kumar | SSA |
| 32 | Mr. Tripurari Lal Soni | JSA |
| 33 | Mr.Bhagwan Das | Sub-Staff |
| 34 | Mr. Man Mohan | Sub-Staff |
| 35 | Mr. Girish Kumar | Sub-Staff |

isSmartvector.com

# एक नजर में विद्यालय....































